उत्तर प्रदेश शासन,
ग्रामीण अभियन्त्रण अनुभाग-1
संख्या-13/2015/558/92-1-2015-108(जॉच)/2014,
दिनांक: लखनऊ: 12 फरवरी, 2015

कार्यालय-ज्ञाप

ग्राम-कालोना, विकास खण्ड-नोजिल, विधान सभा क्षेत्र-माठ, जनपद-मथुरा में सी0सी0 रोड एवं के0सी0 ड्रेन का निर्माण निम्न गुणवत्ता एवं मानक के अनुरूप नहीं कराने तथा शिथिल निरीक्षण एवं लापरवाही के लिये प्रथम दृष्टया उत्तरदायी पाये गये श्री संजय अग्रवाल, अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-मथुरा को तत्काल प्रभाव से शासन के कार्यालय-ज्ञाप सं0-53मं0आ0/92-2014-107(जॉच)/2014, दिनांक 16-12-2014 द्वारा निलम्बित करते हुये उनके विरूद्ध उ0प्र0 सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1999 के नियम-7 के अन्तर्गत अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित की गयी तथा प्रकरण की जॉच हेतु मुख्य अभियंता (पूर्वी क्षेत्र), ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ को पदेन जॉच अधिकारी नामित करते हुये श्री संजय अग्रवाल को कार्यालय निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ से सम्बद्ध किया गया।

2- श्री संजय अग्रवाल, अधिशासी अभियंता (सम्प्रति निलम्बित) के विरूद्ध उक्त संस्थित अनुशासनिक कार्यवाही में आरोप-पत्र गठन की कार्यवाही की जा रही है। इस प्रकार आरोप-पत्र गठित कर तामील कराये जाने के उपरान्त जॉच अधिकारी की जॉच आख्या प्राप्त होने में भी अभी समय लगने की सम्भावना है। अत: सम्यक विचारोपरान्त श्री संजय अग्रवाल, अधिशासी अभियंता निलम्बित एवं सम्बद्ध ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, मुख्यालय लखनऊ का निलम्बन समाप्त करते हुए उन्हें सेवा में इस शर्त/प्रतिबन्ध के साथ बहाल किया जाता है कि उनके विरूद्ध शासन के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 16-12-2014 द्वारा संस्थित अनुशासनिक कार्यवाही यथावत चलती रहेगी तथा वे पूर्व की भॉति कार्यालय निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 (मुख्यालय) लखनऊ से सम्बद्ध रहेंगे।

3- श्री संजय अग्रवाल, अधिशासी अभियंता की तैनाती के सम्बन्ध में आदेश पृथक से निर्गत किये जायेंगे।

कुमार कमलेश
प्रमुख सचिव।

संख्या-13/2015/558/92-1-2015, तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार),ग्रामीण अभि0 विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- जॉच अधिकारी/मुख्य अभियंता, (पूर्वी क्षेत्र) ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
4- मुख्य अभियंता, (प0 क्षेत्र) ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
5- वित्त नियंत्रक, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
6- श्री संजय अग्रवाल, अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-मथुरा द्वारा निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
7- सम्बन्धित जिलाधिकारी/कोषाधिकारी।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(शिशिर कुमार यादव)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।